वार्षिक रिपोर्ट
2013-2014

सी-डॉट
C-DOT

सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स

सी-डॉट
C-DOT

विषय सूची

सी–डॉट प्रबंधन मंडल 01

सिंहावलोकन 02

विभिन्न परियोजनाओं की स्थिति 03

अन्य गतिविधियाँ 13

लेखा विवरण 19

सी-डॉट
C-DOT

सी–डॉट प्रबंधन मंडल

शासी परिषद

अध्यक्ष
संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
उपाध्यक्ष
संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री
सदस्य
रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार
अध्यक्ष, दूरसंचार आयोग एवं सचिव (टी)
सदस्य (दूरसंचार), दूरसंचार आयोग
सदस्य (वित्त), दूरसंचार आयोग
सचिव, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, भारत संचार निगम लिमिटेड
कार्यकारी निदेशक, सी–डॉट
निदेशकगण, सी–डॉट

संचालन समिति

अध्यक्ष
अध्यक्ष, दूरसंचार आयोग एवं सचिव (टी)
उपाध्यक्ष
सदस्य (प्रौद्योगिकी), दूरसंचार आयोग
सदस्य
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, आईटीआई लिमिटेड
निदेशक (योजना), भारत संचार निगम लिमिटेड
वरिष्ठ उप–महानिदेशक, टेलीकॉम इंजीनियरिंग सेंटर
उप–महानिदेशक (टीपीएफ), दूरसंचार विभाग
वरिष्ठ निदेशक, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग
कार्यकारी निदेशक, सी–डॉट
निदेशकगण, सी–डॉट

परियोजना मण्डल

अध्यक्ष
कार्यकारी निदेशक, सी–डॉट
सदस्य
निदेशकगण, सी–डॉट

सिंहावलोकन

सी–डॉट भारत का प्रमुख दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास केंद्र है और यह राष्ट्र निर्माण में अग्रणी रहा है। स्वदेशी रूप से विकसित किफायती, अत्याधुनिक, संपूर्ण दूरसंचार समाधान उपलब्ध कराने के प्रति वचनबद्ध सी–डॉट ने 29 वर्ष पूर्व स्थापना के बाद से महत्वपूर्ण प्रगति की है।

सी–डॉट ने 80 के दशक में भारतीय परिस्थितियों के अनुकूल ग्रामीण दूरसंचार उत्पाद विकसित किए। वातानुकूलन के बिना भी उपयुक्त कार्य करने में सक्षम, सी–डॉट के ग्रामीण स्वचालित एक्सचेंज–रैक्स को सशक्तता और विश्वसनीयता के कारण उत्कृष्ट माना गया। महज डायल टोन उपलब्ध करने के एकमात्र मिशन से शुरुआत करने वाला सी–डॉट पिछले 29 वर्षों में डिजिटल स्विचंग, आईएन, एटीएम, एनएमएस, वायरलैस ब्रॉडबैंड, जीपॉन, एनजीएन और मोबाइल सिस्टम्स जैसे विभिन्न क्षेत्रों की संचार प्रौद्योगिकी के अनुसंधान एवं विकास का राष्ट्रीय केंद्र बन गया।

हमारी एटीएम प्रौद्योगिकी भारतीय नौ सेना के जहाजों पर संचार के लिए इस्तेमाल में लाई जाती है। सी–डॉट के डाटा क्लीयरिंग हाउस (सीएलएच) समाधान को बीएसएनएल और एमटीएनएल के बीच जीएसएम रोमिंग रिकॉर्ड के मिलान के लिए वाणिज्यिक तौर पर लगाया गया है।

गीगाबिट पैसिव ऑप्टिकल नेटवर्क (जी–पॉन) नामक सी–डॉट की अग्रणी प्रौद्योगिकी राष्ट्रीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क (एनओएफएन) परियोजना में महत्वपूर्ण योगदान कर रही है तथा यह ग्रामीण भारत तक ब्रॉडबैंड पाइप ले जाने में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए उपयुक्त है।

सी–डॉट का ब्रॉडबैंड वायरलैस टर्मिनल (बीबीडब्ल्यूटी) वायरलैस नेटवर्क के जरिए दूरस्थ और ग्रामीण इलाकों तक आईपी कनैक्टिविटी पहुंचाने के लिए किफायती समाधान उपलब्ध कराता है। इसका इस्तेमाल वाई–फाई हॉट स्पॉट, सेल्यूलर बेस स्टेशन तथा बेस स्टेशन नियंत्रकों, एटीएम, डाटाबेस सर्वर इत्यादि के बैकहोल संपर्क के रूप में भी किया जा सकता है।

इंटरनेट पर सूचना प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। दुर्भाग्यवश, भारत की ग्रामीण जनता निरक्षरता सहित विभिन्न कारणों से उपलब्ध प्रौद्योगिकी का लाभ नहीं उठा पाती है। अब सी–डॉट के डी–रैक्स (डाटा रूरल एप्लीकेशन एक्सचेंज) के जरिए सरलीकृत ब्रॉडबैंड इंटरनेट अभिगम्यता संभव होने से ग्रामीण भारत सशक्त होगा। सक्रिय जीएसएम अवसंरचना के साझा इस्तेमाल पर आधारित एसजी–रैन उत्पाद ग्रामीण बाजार में वाजिब दामों पर मोबाइल सुविधा उपलब्ध करा सकता है।

सी–डॉट के मैक्स/रैक्स ग्राहकों तक वॉइस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल (वीओआईपी) और ब्रॉडबैंड की पहुंच के साथ–साथ पीओटीएस (साधारण पुरानी टेलीफोनी सेवा) में नई विशिष्ट सुविधाएं शामिल करते हुए मैक्स–एनजी देश की फिक्स्ड लाइन अवसंरचना में नई जान डाल रहा है।

सी–डॉट दूरसंचार सॉफ्टवेयर समाधान उपलब्ध कराने के क्षेत्र में भी सक्रिय रहा है। सी–डॉट के वृहद एनएमएस (नेटवर्क मैनेजमेंट सिस्टम) समाधान से विभिन्न विक्रेताओं के नेटवर्कों के प्रबंधन में मदद मिली है।

सी–डॉट को दूरसंचार सुरक्षा और सामरिक अनुप्रयोग के लिए सुरक्षित नेटवर्क हेतु केंद्रीय मॉनीटरिंग सिस्टम जैसी राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाएं भी सौंपी गई हैं।

वर्ष 2013–14 के दौरान उपलब्धियां तथा कार्यकलाप

वित्तीय वर्ष 2013–14 में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के विकास, प्रौद्योगिकी परीक्षण, प्रौद्योगिकियों के वाणिज्यीकरण के प्रयासों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई, जिनमें विनिर्माताओं के साथ समझौता–ज्ञापनों पर हस्ताक्षर, प्रौद्योगिकी प्रोन्नयन/भावी विक्रेताओं को प्रदर्शन, अपेक्षित आईपीआर परिसंपत्तियों का निर्माण, इत्यादि शामिल है। कुछ प्रमुख प्रौद्योगिक उपलब्धियां नीचे संक्षेप में दी गई है।

- **संचार एवं सुरक्षा अनुसंधान तथा निगरानी:** केंद्रीकृत निगरानी प्रणाली (सीएमएस) में विकास तथा फील्ड में सीएमएस रॉल–आउट की शुरूआत, जिसमें 70 प्रतिशत क्षमता तक के डाटा सेंटर का निर्माण संपन्न होना, 4 आईएलडी की संस्थापना तथा शेष 6 आईएलडी की संस्थापना का कार्य प्रगति पर होना भामिल है।
- **ग्रामीण प्रौद्योगिकियां:** साझा सक्रिय आधार संरचना – बीएसएस में एसजी–रैन प्रणाली की क्षमता बढ़ाने के लिए स्पैक्ट्रम साझेदारी की कार्यात्मकता का विकास तथा परीक्षण, जीपीआरएस कार्य–क्षमता के साथ एसजी–रैन प्रणाली की होसूर, तमिलनाडु में संस्थापना।
- **ब्रॉडबैंड प्रौद्योगिकियां:** रूटिंग प्लेटफॉर्म हार्डवेयर का 600 जीबीपीएस थ्रूपुट (पूर्ण डूप्लैक्स) में उन्नयन, आईआईटी, कानपुर तथा एनटीआरओ, दिल्ली में फील्ड परीक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न।
- **नेक्स्ट जनरेशन मोबाइल प्रौद्योगिकियां:** फेम्टो ईनोडबी प्रोटोटाइप पर वॉइस, डाटा और वीडियो सेवाओं का प्रदर्शन तथा फिक्स्ड एवं मोबाइल कन्वर्जेंस के लिए कोर नेटवर्क प्लेटफॉर्म का विकास।
- **परियात तथा अभिगम नेटवर्कों के लिए वाहक नेटवर्क परियात प्रौद्योगिकियां:** नेक्स्ट जनरेशन पॉन पैसिव ऑप्टिकल नेटवर्क (एनजी–पॉन) – 32 जीपॉन तथा 100 जी ऑप्टिकल कोर नेटवर्क के लिए प्रौद्योगिकी विकास जारी है। छह विनिर्माताओं–आईटीआई, बीईएल, एचएफसीएल, वीएमसी, यूटीएल तथा तेजस के साथ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) समझौतों पर हस्ताक्षर।
- **दूरसंचार सेवाएं तथा अनुप्रयोग:** समेकित नेटवर्क प्रबंधन प्रणाली (यूएनएमएस) का दूरसंचार परिसंपत्ति प्रबंधन (टीएएमएस) के साथ एकीकरण तथा राष्ट्रीय ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क (एनओएफएन) के परीक्षण ब्लॉक में प्रायोगिक तैनाती।
- **नेटवर्क:** वायरलैस फोन सिक्योर (वाईपीएस) टैबलेट डिजाइन पूर्ण।
- **प्रौद्योगिकी फील्ड कार्यान्वयन/परीक्षण:** वायरलैस की क्षैतिज सम्पर्कता के लिए एनओएफएन ब्लॉकों में 164 ब्रॉडबैंड वायरलैस टर्मिनल (बीबीडब्ल्यूटी) प्रणालियों की संस्थापना तथा बीएसएनएल के साथ सकलवाड़ा में एसजी–रैन प्रणाली का परीक्षण सम्पन्न एवं होसूर, तमिलनाडु में तीन प्रचालकों के साथ परीक्षण जारी।
- **संयुक्त अनुसंधान तथा विकास:** उपग्रह आधारित बेसबैंड विकसित करने के लिए डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन) के अंतर्गत रक्षा इलैक्ट्रॉनिकी अनुप्रयोग प्रयोगशाला (डीईएएल) के साथ समझौते पर हस्ताक्षर।

इन स्वदेशी विकास कार्यों के माध्यम से तथा देश के विनिर्माताओं के समर्थन से सी–डॉट शहरी, ग्रामीण, पूर्वोत्तर तथा रक्षा एवं सुरक्षा जैसे समरिक क्षेत्रों के लिए सम्पूर्ण समाधान उपलब्ध कराता है। इसके अतिरिक्त, सी–डॉट दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के नेटवर्क में अपनी प्रौद्योगिकियों को आजीवन समर्थन देता है, जिनमें प्रौद्योगिकी का लगातार उन्नयन, मूल्य संवर्द्धन, खराबी–दूर करना तथा पुर्जों के पुराने हो जाने पर वैकल्पिक डिजाइन उपलब्ध कराना शामिल है।

तकनीकी परियोजनाओं की विभिन्न योजनाओं में उपलब्धियों

तथा प्रगति का ब्यौरा आगामी खंडों में दिया गया है।

संचार तथा सुरक्षा अनुसंधान एवं निगरानी

इस विकास योजना के अंतर्गत प्रगति में विकास, संवर्द्धन, सॉफ्टवेयर अनुकूलन तथा फील्ड में प्रौद्योगिकी का उत्तरोत्तर रॉल–आउट शामिल है। पूर्ण हुए प्रमुख विकास कार्यों तथा संवर्द्धन में केंद्रीकृत निगरानी प्रणाली (सीएमएस) कानून प्रवर्तन निगरानी कार्य (एलईएमएफ) एलईएमएफ चेतावनी प्रदर्शक, सहायता डेस्क, आईएसडीएन पीआरआई एलईएमएफ, एलईएमएफ के लिए आसूचना प्रबंधक, एन्क्रिप्शन–डिक्रिप्शन उपकरण, इत्यादि भामिल हैं।

सीएमएस के लिए प्रौद्योगिकी रॉल–आउट शुरू हो गया है तथा विभिन्न कार्य जैसे डाटा सेंटर की 70 प्रतिशत क्षमता का निर्माण, पाइलट आरएमसी के साथ एकीकृत 8 एलएसए में आईएसएफ की संस्थापना, 4 आईएलडी की संस्थापना। 60 प्रतिशत क्षमता तक सीएमसी की मुख्य आधार संरचना की संस्थापना के लिए निविदा का तकनीकी मूल्यांकन भी शुरू हो गया है, 17 एलएसए के लिए आरएमसी–डीसी लेआउट को अंतिम रूप दे दिया गया है।

ग्रामीण प्रौद्योगिकी

(एसजी–रैन) साझा जीएसएम रेडियो अभिगम नेटवर्क पर जीपीआरएस की कार्य–सुविधा शामिल कर दी गई तथा इसे होसूर, तमिलनाडु में संस्थापित फील्ड रिलीज के साथ एकीकृत भी कर दिया गया।

ब्रॉडबैंड प्रौद्योगिकी

ब्रॉडबैंड प्रौद्योगिकी विकास में टेराबिट रूटर (वाणिज्यिक ग्रेड बहु–टेराबिट रूटिंग प्रणाली) तथा राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क (एनकेएन) के लिए रूटिंग प्लैटफॉर्म शामिल है, जो रक्षा नेटवर्कों, सुरक्षा नेटवर्कों, एनकेएन इत्यादि की अनुप्रयोग आवश्यकताओं को पूरा करते हुए उच्च क्षमता के नेटवर्क के निर्माण के लिए आवश्यक है।

सी–डॉट रूटर

एनकेएन के लिए रूटिंग प्लेटफार्म हार्डवेयर का उन्नयन किया गया ताकि वह 600 जीबीपीएस का थ्रूपुट प्राप्त कर सके। इसका सफल फील्ड परीक्षण आईआईटी, कानपुर तथा एनटीआरओ, दिल्ली में संपन्न हो चुका है। बहु–टेराबिट रूटर संबंधी कार्यकलाप में भी महत्वपूर्ण प्रगति हो रही है, तथा इसके हार्डवेयर की डिजाइन, बहु–टेराबिट रूटर के लिए टेराबिट रूटर सॉफ्टवेयर (1–यू चैसी के लिए विकसित) का अनुकूलन, पैकेट फिल्टरिंग फीचर शामिल करने तथा आईएमएस (आईपी–मल्टीमीडिया उपप्रणाली) के लिए सॉफ्टवेयर अनुकूलन इत्यादि पूर्ण हो चुके हैं।

आगामी पीढ़ी की मोबाइल प्रौद्योगिकी

आगामी पीढ़ी की मोबाइल प्रौद्योगिकी संबंधी कार्यकलापों में लॉंग टर्म इवोल्यूशन–एडवांस चौथी पीढ़ी की मोबाइल प्रौद्योगिकी और फिक्स्ड तथा मोबाइल ग्राहकों को सेवाओं की अदायगी के लिए फिक्स्ड तथा मोबाइल कन्वर्ज्ड प्लैटफॉर्म शामिल है।

वर्ष के दौरान एलटीई–ए प्रौद्योगिकी विकास के संपन्न हुए कार्यकलापों में अन्य विक्रेताओं से इवोल्व्ड पैकेट कोर (ईपीसी) के साथ फेम्टो प्रणाली का एकीकरण तथा परीक्षण, वॉइस, डाटा तथा वीडियो सेवाओं के लिए फेम्टो समाधान प्रदर्शन और प्रोटोटाइप फेम्टो ईनोडबी प्रणाली का संचालन शामिल है।

इसके अतिरिक्त, फिक्स्ड तथा मोबाइल कन्वर्जेंस के लिए कोर नेटवर्क प्लैटफॉर्म का विकास भी पूर्ण हो गया है। यह प्लैटफॉर्म तांबे के अभिगम बिंदु को समर्थन देने के लिए अभिगम बिंदु में उपयुक्त संवर्द्धन और सॉफ्टस्विच के साथ फील्ड परीक्षण के लिए तैयार है।

परियात तथा अभिगम नेटवर्कों के लिए वाहक नेटवर्क परियात प्रौद्योगिकियां

वाहक नेटवर्क परियात प्रौद्योगिकियों से संबंधित कार्यकलापों की योजना नए अनुप्रयोगों की आवश्यकता पूरी करने के लिए बनाई जाती है, जो डाटा–केंद्रित, उच्च बैंडविड्थ सूचना के प्रवाह के लिए अधिक डाटा दर की मांग करने वाले तथा जिनके लिए परियात/बैकहोल, मैट्रो एकीकरण तथा भावी प्रौद्योगिकी के रुझान के साथ–साथ विकसित होने वाले अभिगम नेटवर्क की आवश्यकता है।

डब्ल्यूडीएम पर आगामी पीढ़ी की पॉन–32 जी–पॉन प्रौद्योगिकी को केंद्र में रखते हुए ऑप्टिकल एकीकरण तथा अभिगम प्रणाली (ओएएएस) पर प्रौद्योगिकी विकास जारी है। ओएएएस परियोजना के अंतर्गत जी–पॉन की कुछ किस्मों अर्थात् ऑप्टिकल नेटवर्क टर्मिनेशन (ओएनटीआर) भवन दामिनी 3 (बीडी–3) (आवासीय प्रयोग के लिए ओएलटी), ऑप्टिकल टाइम डोमेन रिफ्लेक्टोमीटर (ओटीडीआर) इत्यादि के लिए विकास कार्य पूर्ण हो गया। यह रिंग टोपोलॉजी, फाइबर कट स्थानीकरण, आवासीय इमारतों इत्यादि जैसी विभिन्न आवश्यकताएं पूरी करते हैं। जी–पॉन किस्मों के लिए छह विनिर्माताओं के साथ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

ऑप्टिकल कोर नेटवर्क (ओसीएन) – 100 जी की एक डीडब्ल्यूडीएम परियात नेटवर्क प्रणाली के लिए प्रौद्योगिकी विकास भी जारी है।

सी–डॉट ओएलटीः चतुर दामिनी

सी–डॉट ओएनटीः तितली दमक

उपलब्धियों में प्रणाली विनिर्देशन एवं वास्तुशिल्प डिजाइन पूरा होना शामिल है। इसके अलावा, मल्टिप्लैक्सर, डि–मल्टीप्लैक्सर, एम्प्लीफायर, इत्यादि जैसे प्रमुख अंगों के लिए विनिर्देशनों को भी अंतिम रूप दिया जा चुका है। नियंत्रक कार्ड हार्डवेयर डिजाइन पूरा हो चुका है तथा सॉफ्टवेयर डिजाइन प्रगति पर है। 100 जी मल्टीप्लैक्स पॉन्डर कार्ड का हार्डवेयर परीक्षण प्रगति पर है।

दूरसंचार सेवाएं तथा अनुप्रयोग

यह विकास योजना उन सॉफ्टवेयर–इंटेंसिव सेवाओं के लिए अनुप्रयोगों, नेटवर्कों, विषय–वस्तु और मूल्यवर्द्धित सेवाओं के कन्वर्जेंस की तरफ बदलते तकनीकी रूझानों की जरूरत पूरी करते हैं।

यूएनएमएस (यूनिफाइड नेटवर्क मैनेजमेंट सिस्टम) सॉफ्टवेयर रिलीज को टीएएमएस (टेलीकॉम असेट मैनेजमेंट सिस्टम) के साथ एकीकृत किया गया है तथा इसे एनओएफएन के परीक्षण

ब्लॉक में प्रायोगिक रूप से लगाया गया है। अनुप्रयोग मॉड्यूल पूरा करके स्पैक्ट्रम (एनएफएस) के लिए भारतीय थलसेना के नेटवर्क पर प्रूफ–ऑफ–कॉन्सेप्ट (पीओसी) यानी संकल्पना के प्रमाण हेतु यूएनएमएस का प्रदर्शन आंशिक रूप से तैयार कर लिया गया है। ग्रामीण सेवाओं के लिए ग्राहक–अनुकूल प्लैटफॉर्म हेतु प्रौद्योगिकी विकास प्रगति पर है तथा वर्ष के दौरान, क्लायंट हार्डवेयर प्रणाली की इंजीनियरिंग पूरी कर ली गई है। उपभोक्ता प्रतिक्रिया एकत्रण, ई–नोटिस बोर्ड इत्यादि जैसी सेवाएं और विशिष्टताएं पूरी की जा चुकी हैं तथा पाइलट स्थल पर इनका प्रदर्शन किया जा चुका है।

बिजली की कम खपत वाली तथा पर्यावरण–अनुकूल दूरसंचार प्रौद्योगिकी

पारंपरिक बिजली प्रवर्धकों की दक्षता में सुधार लाने के लिए उच्च दक्षतावाली आरएफ प्रवर्धन प्रौद्योगिकी को मौजूदा तथा भावी बीटीएस (जैसे कि एलटीई में) विशेषकर ग्रामीण/दूरस्थ इलाकों में प्रयोग के लिए प्रौद्योगिकी विकास पूरा हो गया है। प्रणाली एकीकरण तथा परीक्षण भी संपन्न हो गया। जीएसएम बीटीएस के 1800 मेगाहर्ट्ज तथा 900 मेगाहर्ट्ज के लिए 120 वॉट विकसित किया गया है तथा इसका फील्ड परीक्षण हो चुका है।

सुरक्षित वायरलैस तथा वायर–लाइन नेटवर्क

इस प्रौद्योगिकी योजना के अंतर्गत कार्यकलापों का उद्देश्य सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के भीतर अंतरा तथा अंतर्विभागीय सुरक्षित संचार नेटवर्कों की स्थापना है। इस योजना के तहत वाईपीएस (वायरलैस फोन सिक्योर) परियोजना में एक सुरक्षित मोबाइल वायरलैस नेटवर्क की डिजाइन और विकास जारी है। इसमें 3जी, वाईफाई जैसी मानक वायरलैस प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए सुरक्षित हैंडसेट का विकास भी शामिल है। वर्ष के दौरान सुरक्षित टेबल (रूपांतर 1) का सी–डॉट के सुरक्षित कोर नेटवर्क के साथ एकीकरण परीक्षण हो चुका है तथा इसका फील्ड परीक्षण भी संपन्न हो गया है। इसके अतिरिक्त, वाईपीएस के लिए क्लाइंट तथा कोर सॉफ्टवेयर के विकास एवं हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के एकीकरण का कार्य पूरा हो चुका है।

पूर्वोत्तर कार्यक्रम सहित विकसित प्रौद्योगिकियों के लिए प्रवर्धन, नई विशिष्टताएं, उन्नयन, अनुकूलन तथा तकनीकी समर्थन

नेटवर्क में मौजूदा विकसित/संस्थापित प्रौद्यागिकियों को मूल्यवर्द्धन, प्रौद्योगिकी उन्नयन, दोष निवारण, पुरानी पड़ चुकी तकनीक के लिए वैकल्पिक समाधानों के जरिए लगातार प्रवर्धित किया जा रहा है। इसके साथ ही, विभिन्न नेटवर्कों के लिए प्रौद्योगिक अनुप्रयोगों की आवश्यकताएं पूरी करने हेतु अनेक स्थलों पर फील्ड/पाइलट परीक्षण किए जा रहे हैं। जिन प्रौद्योगिकियों को लगातार समर्थन की जरूरत है, उनमें शामिल हैं – मेन ऑटोमैटिक एक्सचेंज (मैक्स), एसिन्क्रोनस ट्रांसफर मोड (एटीएम), शेयर्ड जीएसएम रेडियो एक्सेस नेटवर्क (एसजी–रैन), नेक्स्ट जनरेशन मैक्स (मैक्स–एनजी), आईपी मल्टीमीडिया सबसिस्टम (आईएमएस) – अनुकूल मैक्स–एनजी, गीगाबिट पैसिव ऑप्टिकल नेटवर्क (जीपॉन), ब्रॉडबैंड वायरलैस टर्मिनल (बीबीडब्ल्यूटी), सिक्योर एंड डेडिकेटेट कम्यूनिकेशन नेटवर्क (एसडीसीएन) तथा नेटवर्क मैनेजमेंट सिस्टम (एनएमएस)। इन क्षेत्रों में प्रमुख उपलब्धियां इस प्रकार हैं :

- एसजी–रैन प्रणाली के परीक्षण वीएसएनएल के साथ सकलवाड़ा में पूरे हो चुके हैं तथा होसूर में तीन प्रचालकों (टाटा, रिलायंस, बीएसएनएल) के साथ परीक्षण जारी हैं। मूल प्रणाली में जीपीआरएस तथा ईडीजीई कार्य–क्षमताओं को एकीकृत किया गया है। एसजी–रैन प्रौद्योगिकी की डिजाइन में भी सुधार किया गया है तथा कम घनत्व वाले एवं कम संख्या में ग्राहकों के लिए जीएसएम नेटवर्क के सुविधा मुक्त क्षेत्रों को सेवा देने के

लिए बाहर खंबे पर लगाने लायक एक छोटा बीटीएस तथा एक छोटा 10 वॉट का खंबे पर लगा प्रवर्धक (टीएमए) विकसित किया गया है। इन तत्वों का परीक्षण प्रगति पर है। बड़ी क्षमता की 5 प्रणालियों की असेम्बली के लिए बीईएल को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण भी किया गया। इसके विनिर्माण के लिए आईटीआई से चर्चा भी शुरू की गई।

- एनओएफएन के परवादा, पनीसागर और अरैन खंडों में 164 बीबीडब्ल्यूटी प्रणालियां लगाई गईं। आईआईएससी और एमएसआरआईटी में परिसर अनुप्रयोगों के लिए पाइलट परीक्षण पूरे कर लिए गए। सी–डॉट परिसर में सीओआरएएल–3पी प्रणाली का पाइलट परीक्षण सफल रहा।
- एसडीसीएन वीओआईपी फोन के ईयरफोन के गर्म होने, रिसीवर सिग्नल की पकड़ इत्यादि से जुड़े मुद्दों का समाधान कर दिया गया।
- लगातार ऑन–साइट तथा ऑफ–साइट प्रौद्योगिकी समर्थन उपलब्ध कराया जा रहा है।
- एनओएफएन डीसीएन (डाटा कम्यूनिकेशन नेटवर्क) एनएमएस के लिए आवश्यकता विनिर्देशन तथा वास्तुशिल्प डिजाइन पूरा कर लिया गया। आईपीवी 6 समर्थन के लिए एनओएफएन नेटवर्क तत्वों का एनओएफएन जीपॉन ईएमएस के साथ एकीकरण सफलतापूर्वक संपन्न किया। एनओएफएन एनएमएस टैस्ट–बेड के लिए निविदा जारी की गई है तथा टैस्ट–बेड तैयार है। दिल्ली तथा बंगलुरू में नेटवर्क ऑपरेशन सेंटर (एनओसी) की स्थापना के लिए प्रौद्योगिकी मूल्यांकन कर लिया गया है।
- मैक्स–एनजी प्रणाली तथा बीएसएनएल की क्लेरिटी प्रणाली का एकीकरण प्रावधान के लिए सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। कटपाड़ी में मैक्स–एनजी उपभोक्ता प्रावधान अब क्लेरिटी प्रणाली के जरिए किया जाता है। सी–डॉट के सॉफ्टस्विच तथा बीएसएनएल के आईपी–टैक्स के बीच अंतः–प्रचालन परीक्षण के लिए पीओसी गुड़गांव में सफलतापूर्वक पूरा किया गया। कानूनन व्यवधान का परीक्षण बीएसएनएल एटी टीम को सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया गया। आईपी पर मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (एमएनपी) के लिए सी–डॉट के एसएसपी तथा टेकइलैक्ट के एसएसटीपी के बीच अंतर्कार्य परीक्षण पूरा कर लिया गया।
- मैक्स–एनजी, आईएमएस, बीबीडब्ल्यूटी इत्यादि जैसी प्रौद्योगिकियां फील्ड में सिद्ध हो चुकी हैं तथा रॉल–आउट के लिए तैयार हैं। प्रौद्योगिकी रॉल–आउट के वास्ते पूर्ण कार्यकलापों में शामिल हैं :–
- मैक्स–एनजी अवयव की खरीद के लिए निविदा पूरी, कोर नेटवर्क स्थल तैयार करना, मैक्स–एनजी रॉल–आउट के लिए अग्रिम खरीद आदेश की प्राप्ति।
- सी–डॉट एनजी कोर एमटीएनएल दिल्ली तथा मुम्बई नेटवर्कों में प्रचालन में है, आईएन की कुछ सेवाओं को एनजीएन–आईएन सेवाओं में बदला गया, एमटीएनएल नेटवर्क (दिल्ली तथा मुम्बई) में सी–डॉट एनजीएन समाधान पर आधारित वाइसओवर एफटीटीएच सेवाएं व्यावसायिक रूप से प्रचालित हैं।
- एमटीएनएल नेटवर्क में इंटरनेट प्रोटोकॉल मैनेज्ड लीज़ लाइन नेटवर्क (आईपी–एमएलएलएन) का स्वीकार्यता परीक्षण किया गया।

एनेबलिंग प्रौद्योगिकियां तथा दूरसंचार नेटवर्क

यूसोफा (सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि प्रशासन) के साथ हुए समझौता ज्ञापन के अनुसार देश के सुविधा–रहित हिस्से में सुविधाएं पहुंचाने के लिए आवश्यक बीटीएस अनंतिम संख्या में उपलब्ध कराना, सुविधा–रहित गांवों को सेल्यूलर मोबाइल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अपेक्षित बुनियादी ढांचे हेतु तकनीकी विनिर्देशन, जनसंख्या के आधार पर सुविधा–युक्त गांवों की कुल संख्या, वहां की आबादी इत्यादि के ब्योरे सहित आंकड़े तैयार करने जैसे कार्यकलाप पूरे किए गए।

आईपीआर दस्तावेज, प्रस्तुतियां तथा प्रकाशन

सी–डॉट में आईपीआर वितरणः



- 22 पेटेंट हासिल हुए तथा 17 (दो पीसीटी) पेटेंट दायर किए गए।
- एनएमएस सॉफ्टवेयर के लिए आठ स्वत्वाधिकार पंजीकृत किए गए।
- डिज़ाइन के लिए दस आवेदन पंजीकृत तथा तीन आवेदन दायर।
- चार ट्रेडमार्क पंजीकृत तथा दस ट्रेडमार्क दायर।

बौद्धिक संपदा परिसंपत्ति	संख्या	खोज का विषय	
पेटेंट दायर	1	सघन पैक स्वायत्त बड़े क्षेत्र में वाईफाई रेडियो नेटवर्क में बाधा नियंत्रित करने में सक्षम यंत्र	पेटेंट दायर करने की प्रक्रिया जारी
	2	हाव–भाव पहचान के आधार पर दक्ष मार्कर	पेटेंट दायर करने की प्रक्रिया जारी
अंतर्राष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय सम्मलनों और संगोष्ठियों में आलेख प्रस्तुतिकरण	1	जवा कार्ड : इंटरनेशनल साइंस एवं इन्फोर्मेशन जून–2013 पेटीवी अनुप्रयोग के लिए जर्नल ऑफ कम्प्यूटर सिक्योरिटी (आईजेसीएसआईएस)	
	2	एफिशिएंट मार्कर बेस्ड टेक्नीक : इंटरनेशनल एप्लीकेशन्स (आईजेसीए) जेस्चर रिकग्निशन जर्नल ऑफ कम्प्यूटर नवंबर, 2013	

निम्नलिखित के लिए आईपीआर दायर :

क. उपभोक्ता स्थल के लिए केबल प्रबंधन उपकरण

डिजाइन क्लास	डिजाइन सब क्लास	आवेदन संख्या	तारीख
13	3	260302	12.02.2014

ख. टेबलेट पीसी

डिजाइन क्लास	डिजाइन सब क्लास	आवेदन संख्या	तारीख
14	3	260303	12.02.2014

क्र.सं.	कार्य का प्रकार	कुल संख्या
1.	पेटेंट प्राप्त किए	22
2.	पेटेंट दायर किए	17
3.	प्रक्रियाधीन पेटेंट	1
4.	डिज़ाइन पंजीकरण प्राप्त किए	10
5.	डिज़ाइन पंजीकरण दायर किए	3
6.	पंजीकृत ट्रेडमार्क	4
7.	दायर किए गए ट्रेडमार्क	10
8.	प्रक्रियाधीन ट्रेडमार्क	9
9.	स्वत्वाधिकार प्राप्त किए	8
	कुल योग	84

परिसर आधार संरचना

सी–डॉट परिसर में हॉस्टल तथा आवासीय मकान का निर्माण–कार्य शुरू करने के लिए संवैधानिक अनुमोदन मिलने बाकी हैं।

प्रक्रिया सुधार

वित्तीय वर्ष 2012–13 के अंत तक, हाई मैच्येरिटी प्रोसेस (सीएमएमआई स्तर 4 तथा 5) के लिए तैयारियां पूरी हो गई थीं, जिनमें चार नए प्रक्रिया क्षेत्रों का अध्ययन और सांख्यिकीय विश्लेषण के आधार पर प्रापण एवं प्रशिक्षण और मॉडलिंग उपकरण एवं प्रक्रिया परिभाषा शुरू हो गई। इसके अतिरिक्त, पूर्व में हासिल सीएमएमआई स्तर 3 मूल्यांकन को बरकरार रखने के लिए स्तर 2 तथा स्तर 3 के कार्य जारी रखे गए।

वित्तीय वर्ष 2013–14 की प्रथम तिमाही में संगठन के लिए प्रक्रिया परिभाषा, प्रक्रिया निष्पादन आधार और प्रक्रिया निष्पादन मॉडलिंग तैयार किए गए तथा कार्यान्वयन के लिए जारी किए गए। निष्पादन मैट्रिक्स सांख्यिकीय निगरानी तथा नवीन सुधारों के लिए संगठन के लक्ष्यों से हासिल किए गए। तीसरी तिमाही के अंत तक उच्च परिपक्वता प्रक्रियाएं स्तर 2 तथा 3 कार्य प्रणाली के साथ नियमित आंतरिक जांच, प्रक्रिया सुधार तथा स्थिरीकरण सहित जारी रहा। तीसरी तिमाही के अंत के आसपास प्रमाणीकृत बाह्य मूल्यांकनकर्ताओं के लिए स्थलीय जांच करवाई गई। चौथी तिमाही में सीएमएमआई स्तर 5 के लिए स्कैम्पी–ए मूल्यांकन हेतु, तैयारी की जांच और आवश्यक तैयारियां की गईं। ये सभी सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। अंतिम मूल्यांकन में वित्तीय वर्ष 2014–15 के निष्पादन में शामिल करने के लिए वित्तीय वर्ष 2014–15 की प्रथम तिमाही में बाह्य मूल्यांकनकर्ता द्वारा अंतिम मूल्यांकन निर्धारित था।

व्यवसाय संवर्द्धन

वर्ष 2013–14 के दौरान सी–डॉट की प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए गए। इनमें प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट (पीओसी) परीक्षण, पाइलट, समझौतों पर हस्ताक्षर और प्रस्तावों का प्रस्तुतीकरण, विभिन्न प्रदर्शनियों, सम्मेलनों और आंतरिक कार्यक्रमों में प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन शामिल है। इन प्रयासों का संक्षिप्त ब्यौरा इस प्रकार है :

- एनआईसी/डायटी द्वारा सरकारी संस्थानों में ई–गवर्नेंस प्रदान करने के लिए सी–डॉट बीबीडब्ल्यूटी का प्रयोग करते हुए क्षैतिज संपर्कता देने हेतु बीएसएनएल से 168 बीबीडब्ल्यूटी प्रणालियों के लिए खरीद आदेश प्राप्त हुआ।
- डीआरडीओ के अधीन रक्षा इलेक्ट्रॉनिकी अनुप्रयोग प्रयोगशाला (डीईएएल), देहरादून के साथ सी–डॉट ने उपग्रह आधारित हब बेसबैंड प्रणाली तथा कैरियर ग्रेड हब बेसबैंड प्रणाली के संयुक्त विकास के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- एनओएफएन के लिए जी–पॉन को देशभर में लगाने के लिए एनएमएस विकास हेतु बीबीएनएल के साथ परियोजना समझौता करने की प्रक्रिया शुरू की गई।
- एमएचओडब्ल्यू, इंदौर में मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियर्स – (एमसीटीई) में जी–पॉन प्रौद्योगिकी का सफल परीक्षण।
- मुम्बई में नौसेना पोत पर सी–डॉट जीपॉन समाधान का पीओसी सफल रहा।
- सी–डॉट बीबीडब्ल्यूटी समाधान का सफल पीओसी (I) नौसेना गोदी (II) इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय परिसर तथा (III) एनएमईआईसीटी परियोजना के हिस्से के रूप में सम्पन्न हुआ।
- गुजरात की ई–ग्राम परियोजना के लिए डी–रैक्स का सफल प्रदर्शन आयोजित किया गया।

- अनुराग, डीआरडीओ के लिए रूटर हार्डवेयर प्लैटफॉर्म विकास के लिए निविदा प्रस्तुत।
- संचार नेटवर्क की डिज़ाइन के लिए परामर्श सेवाओं हेतु भारतीय नौ–सेना के साथ समझौते पर हस्ताक्षर।
- एनडीएमसी, सीपीआरआई तथा एमएसआरआईटी को बीबीडब्ल्यूटी उपकरण की आपूर्ति की गई।
- सीबीआई को एलईएमएफ तथा सीएमएस के साथ इसके एकीकरण के लिए प्रस्ताव।
- एसजी–रैन के पाइलट परीक्षण के लिए सी–डॉट ने यूसोफ को प्रस्ताव भेजा।
- एमटीएनएल नेटवर्क में आईएमएस अनुकूल एनजीएन का परीक्षण शुरू किया गया।
- सी–डॉट मैक्स के लिए फील्ड समर्थन जारी है।
- दूरसंचार विभाग ने राष्ट्रव्यापी स्तर पर आईएसपी निगरानी प्रणाली की संस्थापना, उसे चालू करने तथा रख रखाव के लिए सी–डॉट को वाणिज्यिक आधार पर समन्वय एजेंसी के रूप में प्राधिकृत किया है। कार्य प्रगति पर है।
- विभिन्न संगठनों से अनेक प्रतिनिधिमंडल तथा अधिकारियों ने सी–डॉट का दौरा किया, जिन्हें प्रदर्शन के माध्यम से सी–डॉट प्रौद्यागिकियों के बारे में जानकारी दी गई।

समझौता ज्ञापन, समझौते तथा अनुबंध

क्र सं	समझौते की किस्म	हस्ताक्षर की तारीख	साझेदार	प्रयोजन
1	समझौता ज्ञापन	24.10.13	भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल)	बीएसएनल नेटवर्क में सी–डॉट प्रौद्योगिकी पर आधारित उत्पादों के लिए तकनीकी समर्थन
2	समझौता ज्ञापन	28.10.13	सेंटर फॉर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड रोबोटिक्स (केयर), डीआरडीओ	आईएमएस–नेत्रा की स्थापना और रखरखाव तथा सेंट्रलाइज़्ड मॉनिटरिंग सिस्टम (सीएमएस) के साथ एकीकरण
3	समझौता ज्ञापन	27.12.13	भारत संचार निगम लिमिटेड	सीएमएस परियोजना के लिए आवश्यक आरएमसी डाटा सेंटर के बुनियादी ढांचे से संबंधित सिविल तथा इलैक्ट्रिकल
4	समझौता ज्ञापन	30.01.14	महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड	सीएमएस परियोजना के लिए आवश्यक आरएमसी डाटा सेंटर के बुनियादी ढांचे से संबंधित सिविल तथा इलैक्ट्रिकल
5	समझौता ज्ञापन	04.03.14	राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी)	राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क से संबंधित कार्य
6	परियोजना समझौता	19.08.13	कम्यूनिकेशन्स रिसर्च सेंटर, कनाडा	डब्ल्यूसीबीजे कोरल प्लैटफॉर्म विकास में सहयोगात्मक अनुसंधान एवं विकास

7	परियोजना समझौता	07.11.13	सी–डॉट एल्काटेल ल्यूसेंट रिसर्च सेंटर प्रा.लि. (सीएआरसी)	आईएमएस आधारित सी–डॉट के एनजीएन समाधान के लिए फिक्स्ड मोबाइल कन्वर्जेंट प्लैटफॉर्म (एफएमसीपी) सेवा प्रावधान उपप्रणाली का डिज़ाइन, विकास, वैधीकरण तथा परीक्षण स्वचालन
8	टीओटी समझौता	30.08.13	तेजस नेटवर्क लिमिटेड	ओएनटी 4 (वाईफाई रूपांतर सहित) तथा ओएनटी 7
9	टीओटी समझौता	31.08.13	आईटीआई लिमिटेड	6 स्लॉट चैसी आधारित ओएलटी तथा ओएनटी 9
10	टीओटी समझौता	02.09.13	भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल)	6 स्लॉट चैसी आधारित ओएलटी तथा ओएनटी 9
11	टीओटी समझौता	06.09.13	वीएमसी सबसिस्टम्स लिमिटेड	6 स्लॉट चैसी आधारित ओएलटी तथा ओएनटी 9

अन्य क्रियाकलाप

सी–डॉट स्थापना दिवस समारोह 2013 का आयोजन

सी–डॉट ने अपना स्थापना दिवस 23 और 24 अगस्त, 2013 को सी–डॉट परिसर, महरौली, नई दिल्ली में मनाया। समारोह

का शुभारंभ डॉ. आर. चिदम्बरम् (भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार), श्री एम.एफ. फारूकी (सचिव, दूरसंचार विभाग) तथा वी.वी.आर. शास्त्री (कार्यकारी निदेशक, सी–डॉट) के संबोधन से किया गया। उसी दिन प्रो. अनंत अग्रवाल (एमआईटी, यूएसए) तथा श्रीमती टैसी टॉमस (परियोजना निदेशक, अग्नि–V कार्यक्रम, डीआरडीओ) के व्याख्यान भी हुए। दूसरे दिन, ब्रॉडबैंड तकनीक पर तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें सी–डॉट के सभी सदस्यों, भारत सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के अधिकारियों, सेना के प्रतिनिधियों, दूरसंचार उपकरण विनिर्माताओं और शिक्षाविदों ने हिस्सा लिया। संगोष्ठी में वायरलैस ब्रॉडबैंड, नेक्स्ट जनरेशन नेटवर्क तथा ऑप्टिकल नेटवर्क से जुड़े सत्र आयोजित किए गए। प्रत्येक सत्र में सरकार के विशिष्ट

सी–डॉट स्थापना दिवस 2013 पर आयोजित प्रदर्शनी एवं सेमिनार, सी–डॉट, बंगलूरू

व्यक्तियों, उद्योग के विशेषज्ञों, शिक्षाविदों तथा सी–डॉट के वरिष्ठ प्रौद्योगिकीविदों के व्याख्यान रखे गए। सूचनाप्रद तथा संपर्कात्मक सत्रों को सभी की सराहना मिली।

विश्व दूरसंचार तथा सूचना समाज दिवस, 2013 का आयोजन

सी–डॉट के दिल्ली तथा बंगलूरू कार्यालयों में 17 मई, 2013 को विश्व दूरसंचार तथा सूचना समाज दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय ''सूचना तथा संचार प्रौद्योगिकियां और सड़क सुरक्षा में सुधार'' था। श्री लोकेश हब्बानी, परिवहन कार्यक्रम प्रबंधक, सेंटर फॉर इन्फ्रास्ट्रक्चर, सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट एंड अर्बन प्लानिंग (सीआईएसटीयूपी), भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलूरू ने गहन जानकारी के साथ व्याख्यान दिया। उन्होंने संक्षेप में सड़क सुरक्षा के पहलुओं पर प्रकाश डाला तथा जार्जिया यूनिवर्सिटी, यूएसए में अपने

शोधकार्य के अनुभव साझा किए। बाद में, डॉ. एम.ए. सलीम, आईपीएस, एसीपी (बंगलूरू ट्रैफिक) और श्री रवीन्द्र ए., सेवानिवृत्त मुख्य सचिव, कर्नाटक ने इस विषय पर विचार प्रस्तुत किए। तत्पश्चात् सी–डॉट की विविध प्रौद्योगिकियों के बारे में पोस्टर प्रदर्शित किए गए।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

सी–डॉट ने दिल्ली कार्यालय में 10 मार्च, 2013 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया। सुश्री एनी मोरेस, सदस्य (वित्त), दूरसंचार आयोग ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

प्रदर्शनियां तथा सम्मेलन

इंडिया टेलीकॉम 2013

सी–डॉट ने 5–7 दिसंबर, 2013 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में इंडिया टेलीकॉम 2013 में हिस्सा लिया।

सी–डॉट ने जीपॉन, एनजीएन, एलटीई, बीबीडब्ल्यूटी, डी–रैक्स, एनएमएस, एसजी–रैन तथा टेलीप्लाननेट जैसी प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया। सरकारी विभागों और उद्योग जगत के प्रतिनिधि सी–डॉट स्टॉल में पधारे और उन्होंने प्रदर्शित प्रौद्योगिकियों की सराहना की।

डेफ एक्सपो 2014

सी–डॉट ने नई दिल्ली में 6–9 फरवरी, 2014 को आयोजित डेफएक्सपो में हिस्सा लिया और एनजीएन, जीपॉन, एसजी–रैन, एनएमएस इत्यादि जैसी प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन रक्षा क्षेत्र की महत्वपूर्ण आवश्यकताओं में उनकी संगतता दर्शाते हुए किया। दुनियाभर से आए उद्योग जगत के वरिष्ठ प्रतिनिधि और शिक्षाविदों ने हमारे स्टॉल का दौरा किया तथा पारस्परिक व्यापार एवं विकास अवसरों की संभावनाओं पर चर्चा की।

एफटीटीएच काउंसिल एशिया पेसिफिक कॉन्फ्रेंस एंड एग्जिबिशन

श्री विपिन त्यागी, निदेशक तथा छः अन्य सदस्यों ने सी–डॉट के प्रतिनिधि मंडल के तौर पर वार्षिक एफटीटीएच काउंसिल एशिया पेसिफिक कॉन्फ्रेंस 2013 में हिस्सा लिया। यह सम्मेलन ऑकलैंड, न्यूजीलैंड में 19–21 मई, 2013 को आयोजित हुआ था।

सम्मेलन में दुनियाभर से प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह फाइबर टु द होम (एफटीटीएच) से जुड़े व्यापार तथा अन्य

इच्छुक पक्षों से जुड़ने, एफटीटीएच उद्योग के विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा करने के लिए अत्यंत बेहतरीन अवसर साबित हुआ।

श्री विपिन त्यागी, निदेशक, सी–डॉट ने सम्मेलन के दौरान 19 मई, 2013 को वार्ता प्रस्तुत की। वार्ता का विषय था, ''ब्रॉडबैंड ओवर फाइबर, इंडियाः फॉर रूरल डेवलपमेंट एंड इन्क्लूज़िव ग्रोथ''। इसे दुनियाभर से आए प्रतिनिधियों की सराहना मिली।

एसईएस 2013

सी–डॉट ने स्ट्रेटेजिक इलैक्ट्रॉनिक्स समिट 2013 में डिफेंस तथा एयरोस्पेस सेगमेंट में अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। इसका आयोजन एचएएल कन्वेंशन सेंटर, बंगलुरू में 2 अगस्त, 2013 में हुआ था। इसका आयोजन एलसिना ने किया था, जिसमें कॉन्फ्रेंस सत्र, लघु–प्रदर्शनी तथा भागीदारों के लिए विशेष व्यापारिक बैठकें शामिल थीं।

महत्वपूर्ण दौरे

सचिव, दूरसंचार विभाग का दौरा

श्री एम.एफ. फारूकी, सचिव, दूरसंचार विभाग तथा अध्यक्ष सी–डॉट संचालन समिति ने 17 सितंबर, 2013 को सी–डॉट, दिल्ली का दौरा किया। उन्होंने सी–डॉट की परियोजनाओं का जायज़ा लिया तथा महत्वपूर्ण प्रयोगशालाओं में गए। श्री फारूकी ने सी–डॉट बोर्ड एवं वरिष्ठ प्रबंधन से चर्चा भी की।

एसीओएम (आईटी एंड एस), भारतीय नौसेना का दौरा

रियर एडमिरल एस.आर. सरमा, एसीओएम (आईटी एंड एस), भारतीय नौसेना 8 मई, 2013 को सी–डॉट दिल्ली परिसर में पधारे। भारतीय प्रौद्योगिकियों के स्वदेशीकरण, विशेषकर सुरक्षित एवं नीतिपरक नेटवर्कों के क्षेत्र में सी–डॉट के प्रयास के बारे में उन्हें जानकारी दी गई।

मुख्य नियंत्रक (अनुसंधान और विकास), डीआरडीओ का दौरा

श्री सुंदरम, मुख्य नियंत्रक (आर एंड डी), डीआरडीओ ने 26 जून, 2013 को सी–डॉट का दौरा किया। सी–डॉट की मौजूदा प्रौद्योगिकियों के बारे में उन्हें प्रस्तुतीकरण दिया गया। उन्होंने जीपॉन, एनजीएन सॉफ्टस्विच, एलटीई, मैक्सएनजी तथा रूटर प्रयोगशालाओं का दौरा किया। उन्होंने दूरसंचार के क्षेत्र में सी–डॉट के योगदान को सराहा।

सुश्री रीता तेवतिया, अपर सचिव, दूरसंचार विभाग का आगमन

सुश्री रीता तेवतिया, अपर सचिव, दूरसंचार विभाग 28 फरवरी, 2014 को सी–डॉट परिसर आईं। उन्हें सी–डॉट के योगदान और मौजूदा प्रौद्योगिकियों पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। बाद में, उन्होंने प्रयोगशालाओं का दौरा भी किया।

क्लॉडे बेलिस्ले, वाइस प्रेसीडेंट, सीआरसी–कनाडा का दौरा

क्लॉडे बेलिस्ले, वीपी, स्ट्रेटजिक प्रोग्राम डेवलपमेंट, क्युनिकेशन्स रिसर्च सेंटर (सीआरसी), कनाडा ने हमारे परिसर का दौरा किया और हमारे उत्पादों की व्यापक शृंखला की सराहना की।

श्री राम यज्ञ, सलाहकार (प्रचालन), दूरसंचार विभाग का दौरा

श्री राम यज्ञ, सलाहकार (प्रचालन), दूरसंचार विभाग ने 19 जुलाई, 2013 को सी–डॉट बंगलूरू का दौरा किया। सी–डॉट तथा उसके उत्पादों/परियोजनाओं के बारे में एक प्रस्तुतीकरण दिया गया। बाद में उन्होंने एसजी–रैन, एलटीई, मैक्स एनजी/एनजीएन रूटर, पीपी तथा डी–रैक्स प्रयोगशालाओं का दौरा किया।

श्री आर. के. भटनागर, सलाहकार (प्रौद्योगिकी) दूरसंचार विभाग

श्री आर. के. भटनागर, सलाहकार (प्रौद्योगिकी) ने सी–डॉट दिल्ली परिसर तथा प्रयोगशालाओं का 12 अप्रैल, 2013 को दौरा किया। उन्होंने दूरसंचार अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव पर सी–डॉट की तकनीकी टीम से विस्तृत विचार–विमर्श किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम

सी–डॉट के कर्मचारियों के कौशल संवर्द्धन के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए कर्मचारियों को विभिन्न सम्मेलनों और संगोष्ठियों में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। तकनीकी तथा संवाद–कौशल, दोनों क्षेत्रों से जुड़े विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। हाई स्पीड नेटवर्क डिजाइन, जावा, आईपीवी 6, अपाशे हडुप डेवलपर, एमएस एक्सेल, पीएमआई सर्टिफिकेशन, ब्रॉडबैंड प्रौद्योगिकी जैसे विषयों पर प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं।

सी–डॉट ने एपनिक, पीटीसी, एलसीना, एफटीटीएच, आइमा, एटीपी इत्यादि जैसे विभिन्न संगठनों की सदस्यता ली है। इस समय सदस्यता की संख्या 15 है।

प्रयोक्ताओं को ई–जर्नल, डिजिटल लाइब्रेरी कलेक्शन, ई–पुस्तकें तथा अन्य ऑनलाइन जर्नल देखने में मदद के लिए एक डिजिटल ज्ञान केंद्र स्थापित किया गया है। यह सुविधा पुस्तकालय इन्ट्रानेट पर उपलब्ध है। आईईईई तथा एसीएम डिजिटल लाइब्रेरी का भी सी–डॉट 2005 से ग्राहक हैं तथा यह एमसीआईटी कन्सोर्शिया की सदस्यता के माध्यम से दिल्ली तथा बंगलूरू, दोनों स्थानों के लिए है। एमसीआईटी कन्सोर्शिया अपने सभी सदस्यों के लिए सब्सक्रिप्शन का मूल्य निर्धारित करता है तथा बाद में सदस्य की आवश्यकतानुसार एक–साथ एक्सेस (एसआईएमओ) के आधार पर लागत का वितरण करता है।

संस्थागत पारदर्शिता तथा आरटीआई कार्यान्वयन को बढ़ावा देना

सी–डॉट में आरटीआई अधिनियम 2005 के कार्यान्वयन की व्यवस्था में एक प्रथम अपील प्राधिकारी (एफएए), एक मुख्य जन सूचना अधिकारी (सीपीआईओ), दो सहायक जन सूचना अधिकारी (एपीआईओ) – दिल्ली तथा बंगलूरू कार्यालयों में एक–एक तथा आरटीआई अधिनियम 2005 की धारा 4 के प्रावधानों के सक्रिय और प्रभावी कार्यान्वयन के माध्यम से सार्वजनिक प्राधिकरण में संस्थागत पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए एक पारदर्शिता अधिकारी (टीओ) शामिल हैं।

वर्ष 2013–14 के दौरान सूचना के लिए 45 नए आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 43 को स्वीकृत कर निर्धारित सीमा के भीतर सूचना प्रदान की गई। इनमें से 11 मामलों में प्रथम अपील प्राधिकरण में अपील की गई। सभी अपीलों में सुनवाई के बाद निर्णय दिया गया।

सी–डॉट में मानव संसाधन पहल

वर्ष 2013–14 के दौरान सी–डॉट ने आईआईटी, एनआईटी और अन्य प्रतिष्ठित इंजीनियरी कॉलेजों से कैम्पस भर्ती के माध्यम से कम्प्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा कम्युनिकेशन के क्षेत्र के 102 नए इंजीनियर अनुबंधित किए। सी–डॉट ने इस अवधि के दौरान 6 अनुभवी इंजीनियर, 5 फील्ड सपोर्ट इंजीनियर तथा एक मानव संसाधन कार्यपालक की भर्ती भी की।

महिला सशक्तिकरण

सी–डॉट का प्रबंधन सदैव लैंगिक मुद्दों के प्रति संवेदनशील रहा है और उसने निरंतर लिंग समानता पर आधारित संगठन की संस्कृति विकसित करने का प्रयास किया है। इस समय सी–डॉट में करीब 31.5 प्रतिशत महिलाकर्मी हैं।

वर्तमान नीतियां

- सभी महिलाकर्मियों को 180 दिन के मातृत्व अवकाश और इसके बाद 90 दिन की छुट्टी (180 दिन के मातृत्व अवकाश सहित 270 दिन) लेने की इजाज़त है। पूरे सेवाकाल में गर्भपात होने पर कुल 45 दिन की छुट्टी लेने की अनुमति है।
- सी–डॉट अपनी सभी महिला कर्मचारियों को आवास और परिवहन सुविधा उपलब्ध कराता है। महिला कर्मचारी अपनी जरूरत के अनुसार कई विकल्पों में से किसी एक का चुनाव कर सकती हैं। इससे कंपनी में कार्यरत सभी महिला कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है।
- 100 प्रतिशत महिला कर्मचारियों को रिहायशी टेलीफोन के खर्च का पुनर्भुगतान किया जाता है। 36 प्रतिशत महिला कर्मचारियों को बहु कार्य भत्ता देय है।
- सभी महिला कर्मचारियों को करियर में प्रगति करने की सुविधाएं उपलब्ध हैं। सी–डॉट में पिछले वित्त वर्ष में पदोन्नत होने वाले कर्मियों में 26 प्रतिशत महिलाएं थीं। प्रबंधन वर्ग (टीम लीडर, ग्रुप लीडर, टैक्नीकल एक्सपर्ट, सीनियर टैक्नीकल एक्सपर्ट) में भी करीब 17 प्रतिशत महिलाएं हैं।
- कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए सी–डॉट बोर्ड ने एक समिति का गठन किया है ताकि ऐसे मामलों में निष्पक्ष और न्यायोचित दृष्टिकोण अपना कर समुचित कार्रवाई का सुझाव दिया जा सके।

कर्मचारी कल्याण :

- अस्पताल में भर्ती के दौरान उपचार के खर्च को कवर करने के लिए सी–डॉट ने नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से कर्मचारियों के लिए समूह मेडिक्लेम बीमे की व्यवस्था की है। कार्यपालक संवर्ग में कर्मचारियों और उनके परिजनों के लिए सात लाख रुपये कवरेज के विकल्प सहित पांच लाख रुपये की कवरेज है और गैर–कार्यपालक संवर्ग के लिए यह राशि साढ़े तीन लाख रुपये है और पांच लाख रुपये का विकल्प चुनने की सुविधा है। यह नीति पहली अप्रैल 2006 से लागू है।
- सी–डॉट कर्मियों की रोजमर्रा की शिकायतें दूर करने के लिए उन्हें सुगम और आसानी से उपलब्ध तंत्र उपलब्ध कराने के लिए शिकायत प्रक्रिया शुरू की गई है।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों की भर्ती:

- सी–डॉट शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों और अनुसूचित जाति/जनजाति के अभ्यर्थियों की भर्ती के लिए आरक्षण के सरकारी नियमों का पालन करता है।
- सी–डॉट में इन श्रेणियों के कर्मचारियों के कल्याण के लिए एक व्यवस्था है और इनकी कठिनाइयों/समस्याओं का समाधान किया जाता है।

शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के लिए लाभ :

- सी–डॉट नौकरियों में विकलांगजनों के आरक्षण के लिए भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करता है।
- दिल्ली में सी–डॉट के कार्यालय का निर्माण इस तरह किया गया है कि शारीरिक रूप से अक्षम लोगों को आने–जाने में असुविधा न हो। इन लोगों के लिए आने–जाने के लिए मुख्य प्रवेश/प्रस्थान पर सीढ़ियों के साथ ही रैम्प बनवाया गया है।

- इसके अलावा विभिन्न कार्य क्षेत्रों को जोड़ने के लिए एलीवेटर लगाए गए हैं ताकि विकलांगजन एक खंड से दूसरे खंड में आसानी से आ–जा सकें।

सी–डॉट में हिंदी को प्रोत्साहन

सी–डॉट भारत सरकार की राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के गंभीर प्रयास कर रहा है। सी–डॉट कर्मचारियों में जागरूकता लाने के लिए वर्षभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करता है। इस बारे में सी–डॉट के दिल्ली और बंगलुरू केंद्रों में कई नए कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। विभिन्न प्रासंगिक विषयों पर नियमित तौर पर हिंदी कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं।

सी–डॉट के कार्यालयों में हिंदी उत्सव 2013, 12–27 सितंबर–2013 (बंगलुरू) और 14–30 सितंबर–2013 (नई दिल्ली) में मनाया गया। उत्सव का प्रारंभ "इनसे मिलिए..." से शुरू किया गया। इसमें जाने–माने पत्रकार श्री ओम थानवी, प्रधान संपादक, जनसत्ता को अपना ज्ञान एवं अनुभव साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया था। इस पखवाड़े के दौरान सी–डॉट के कर्मियों को अपने रोज–मर्रा के कामकाज को हिंदी में करने के लिए प्रोत्साहित करने के वास्ते कई स्पर्धाओं और कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हिंदी में एक ऑडियो–विजुअल क्विज का भी आयोजन किया गया, जिसे सभी ने पसंद किया। उत्सव का प्रमुख आकर्षण चार प्रसिद्ध कहानियों का नाट्य मंचन था। सुविख्यात रंगकर्मी डॉ. देवेन्द्र राज 'अंकुर' ने 'आधी सदी' नाटक का निर्देशन किया। इसने सभी पर गहरा असर छोड़ा तथा लोगों को एक बार फिर साहित्य तथा पुस्तकों से जुड़ने को प्रेरित किया। हिंदी गृह–पत्रिका 'सी–डॉट भारती' के नए अंक का लोकार्पण भी हिंदी उत्सव के दौरान किया गया।

प्रसिद्ध पत्रकार – श्री ओम थानवी

हिन्दी उत्सव के दौरान हिन्दी पत्रिका 'सी–डॉट भारती' के नए संस्करण का विमोचन किया गया

सी–डॉट ने 13 अगस्त, 2013 तथा 10 दिसंबर, 2013 को माननीय संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री की अध्यक्षता में दूरसंचार विभाग की हिंदी सलाहकार समिति की बैठक में भाग लिया।

वर्ष 2013–14 के दौरान अनुदान और व्यय

वित्त वर्ष के दौरान 224.25 करोड़ रुपये का अनुदान मिला। विभिन्न योजनाओं/परियोजनाओं पर 31 मार्च, 2014 तक 247.54 करोड़ रुपये व्यय हुए।

लेखाओं का विवरण 2013–14

लेखा परीक्षक की रिपोर्ट एवं प्रबंधन मंडल के उत्तर	20
अंकेक्षित वित्तीय लेखे	24
